an>

Title: Need to run classes in two shifts in Kendriya Vidyalaya Mashrak, Saran district, Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज,बिहार अंतर्गत सारण (छपरा) जिला के मशरक में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित है I वर्तमान में इस विद्यालय में एक पाली में पढ़ाई होती है I विदित हो कि मेरा संसदीय क्षेत्र दो जिलों में विस्तारित है I

आबादी के दृष्टि से भी मेरा संसदीय क्षेत्र काफी बड़ा है I इतनी बड़ी आबादी में बच्चों के अभिभावकों के सामने अपने बच्चों को गुणवतापूर्ण शिक्षा देनी एक बड़ी चुनौती है I अधिक से अधिक अभिभावक चाहते हैं कि मेरा बच्चा अच्छे विद्यालय में पढ़ाई करे I अच्छे विद्यालय में केन्द्रीय विद्यालय मशरक का ही नाम आता है I इसलिए केन्द्रीय विद्यालय मशरक में दो पाली की पढ़ाई शुरू करानी अत्यंत ही आवश्यक है I

अन्त में माननीय शिक्षा मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि केन्द्रीय विद्यालय मशरक में दो पाली में पढाई कराये जाने की व्यवस्था की जाये I